
पंजाब केसरी
TUE,16 DECEMBER 2025
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आवेदनों की त्रुटियों को एफिलिएशन पोर्टल पर करवाया उपलब्ध

धर्मशाला, 15 दिसम्बर (विवेक): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एफिलिएशन/रिन्यूअल/अपग्रेडिड/3-5 सालों के लिए प्राप्त आवेदनों में पाई गईं त्रुटियों को ऑनलाइन एफिलिएशन पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया है।



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं-10वीं, 9वीं से 12वीं व 11वीं-12वीं की एफिलिएशन हेतु प्राप्त आवेदनों में पाई गईं त्रुटियां/कमियां बोर्ड द्वारा उक्त पोर्टल पर उपलब्ध करवा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थान बोर्ड की वैबसाइट पर संस्थान के लिए बताई गईं शॉर्टकमिंग्स को सोमवार को डाऊनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान डाऊनलोड की गईं शॉर्टकमिंग्स से संबंधित कागजात/दस्तावेज बनाकर 30 दिसम्बर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि मामले में आगामी कार्यवाही की जा सके।

Dainik Jagran

16-12-2025

# संबद्धता की त्रुटियों की शार्टकमिंग्स करें डाउनलोड

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के



डा. राजेश शर्मा

● जागरण आर्काइव

अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि संबद्धता, नवीनीकरण, स्तरोन्नत, तीन-पांच वर्ष के लिए सत्र 2026-27 की कक्षा नौंवी, दसवीं, जमा एक, जमा दो की संबद्धता के लिए प्राप्त आवेदन में त्रुटियां व कमियां बोर्ड ने आनलाइन एफिलिएशन पोर्टल पर उपलब्ध करवा दी हैं। संस्थान इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी संस्थान को डाउनलोड व आनलाइन फार्म भरने में कोई दिक्कत आती है या शार्टकमिंग्स प्राप्त नहीं होती हैं तो संबद्धता शाखा के दूरभाष नंबर 01892-242145 पर तुरंत संपर्क करें। संस्थान डाउनलोड की गई शार्टकमिंग्स के संदर्भ में समस्त कागजात, दस्तावेज बनाकर पंजीकृत डाक के माध्यम से अनुभाग अधिकारी संबद्धता शाखा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के नाम प्रेषित करें। यह दस्तावेज 30 दिसंबर तक इस कार्यालय में पहुंचने चाहिए। इसके बाद कोई भी दस्तावेज मान्य नहीं होगा।